2024/122

## राजस्थान सरकार

( कायदा – 129 )

जनरल रूल्स सिविल रूल्स 129 अपेन्डेंक्स फार्म नंबर 8 के

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बिजौलिया जिला – भीलवाड़ा (राज.)

| किस्म मुकदमा<br>1 | नंबर मुकदमा<br>2 | तारीख दायर<br>3 | तारीख फैसला<br>4 | पेशी दिनांक<br>5 |
|---|---|---|---|---|
| 111-128 | 48/24 | 11/3/2024 | निर्णीत 29/4/24 | 15/4/2024 |

अनवान

श्री सोभराज S/o गोर्धन जाति धाकड़

निवासी शम्भुपुरा तह. बिजौलिया

अधिवक्ता वादी / प्रार्थी /अपीलान्ट

डिक्रीदार

श्री शमफूल धाकड़

श्री मोहनलाल S/o ऊंकार जाति धाकड़

निवासी धड़ौदा तह. बिजौलिया

अधिवक्ता प्रतिवादी / विपक्षी / रेस्पोडेंट

मदयून

श्री ..........

# FORM NO. III

## फर्द अहकम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम बिजोलियां

सोभराज बनाम मोहनलाल

किस्म मुकदमा 111-128 नम्बर 48 /2024

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 11 3 | प्रार्थना पत्र सीधे से बाद जांच पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र जारी हो। पत्रावली वास्ते तलबी/जवाब दिनांक 15/4/2024 को पेश हो।<br><br>उपखण्ड अधिकारी<br>बिजौलियां | |
| 15/4/24 | पत्रावली पेंश हुइ। अभिभाषक वादी/प्रतिवादी उपस्थित श्रीमान P.O. सा. दौरे पर हैं। प्रात्रावली दिनांक 23/4/24 को वास्ते उचित आदेश पेश हो।<br><br>उपखण्ड अधिकारी | |
| 23/4/24 | पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। विपक्षीगण के विरुद्ध बाद तामील पश्चात एक-पक्षीय कार्यवाही के आदेश पारित किए गए। पत्रावली वास्ते निर्णय आगामी दिनांक 29/04/24 को पेश हो।<br><br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा | |
| 29/4/24 | पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। विपक्षीगण के विरुद्ध आदेश पारित किए गए। निर्णय खुले न्यायालय में सुनाए गए। पत्रावली फैसल शुमार होकर, नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।<br><br>उप खण्ड अधिकारी<br>बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा | |

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :– 48/24 तारीख 11/3/24

सोभराज पुत्र गोर्धन जाति कराड उम्र वयस्क निवासी शम्भूपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)

............प्रार्थी

**बनाम**

01. मोहनलाल पुत्र उंकार जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी थडौदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
02. मीरा पत्नि राजेन्द्र जाति मीणा उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी कास्या तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
03. अरविन्द पुत्र नवल किशोर जाति मेवाडा उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बिजौलियां तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
04. नरेश कुमार पुत्र शंकरलाल जाति पाराशर उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बिजौलियां तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
05. अनिल पुत्र भंवरलाल जाति गुर्जर उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बिजौलियां तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)

..................विपक्षीगण

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

**–: आदेश :–** दिनांकः 29/4/24

प्रार्थना पत्र सोभराज पुत्र गोर्धन जाति कराड निवासी शम्भूपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0) ने जरिये अभिभाषक **श्री रामफूल धाकड** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि **ग्राम मोगरवासा पटवार हल्का कास्यां कला तहसील बिजौलियाँ की सरहद में स्थित खाता संख्या 77 पर अंकित आराजी संख्या 140 रकबा 0.4047 हैक्टैयर भूमि** पर विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2076–2079 के अवलोकन से प्रार्थीया वादग्रस्त आराजीयात की खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक **कास्यां** को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमीश्नर फीस वक्त मौका प्रार्थीया अदा करें।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यु एक्ट स्वीकार किया जाकर **ग्राम मोगरवासा पटवार हल्का कास्यां कला तहसील बिजौलियाँ की सरहद में स्थित खाता संख्या 77 पर अंकित आराजी संख्या 140 रकबा 0.4047 हैक्टैयर भूमि** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100/– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला भीलवाडा

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या – 48/24 तारीख 23/4/24

प्रेषिति :–

तहसीलदार
बिजौलियाँ

विषय :–प्रकरण संख्या ...48......................../ 2024 पत्थरगढ़ी बावत्।

सोभराज पुत्र गोर्धन जाति कराड उम्र वयस्क निवासी शम्भूपुरा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

............प्रार्थी

**बनाम**

01. मोहनलाल पुत्र उंकार जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी थडौदा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
02. मीरा पत्नि राजेन्द्र जाति मीणा उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी कास्या तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
03. अरविन्द पुत्र नवल किशोर जाति मेवाडा उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बिजौलियां तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
04. नरेश कुमार पुत्र शंकरलाल जाति पाराशर उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बिजौलियां तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
05. अनिल पुत्र भंवरलाल जाति गुर्जर उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बिजौलियां तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)

.................विपक्षीगण

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनवानी प्रकरण में आदेश होकर लेख है कि **ग्राम मोगरवासा पटवार हल्का कास्यां कला तहसील बिजौलियाँ की सरहद में स्थित खाता संख्या 77 पर अंकित आराजी संख्या 140 रकबा 0.4047 हैक्टैयर भूमि** की बशामलात पडौसीयान के पत्थरगढ़ी की जावें। मौके पर पत्थरगढ़ी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढ़ी कब्जा नही हटाया जावे तथा समक्ष न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें। आदेश पत्थरगढी हेतु भू–अभिलेख निरीक्षकर **कास्यां** को कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमीश्नर फीस वक्त मौका प्रार्थीया अदा करे। पत्थरगढी करने से पहले विपक्षीगणों एवं पडोसियान को सुचित करते हुए पत्थरगढी करें। पत्थरगढ़ी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करे।

कार्यालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलियां (भीलवाड़ा)

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला भीलवाडा